personnel posted at the pre-paid booths. Action is taken against the staff on duty if they are found guilty of causing harassmentto the public.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

Use of Devnagri Script in Computers

767. DR. JAGANNATH MISHRA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the Department of Official Languages have started the study and work regarding use of Devnagri script in computer;

(b) if so, the progress achieved in this regard;

(c) the time by which Hindi Computers are likely to be freely available; and

(d) the steps being taken or proposed to be taken to popularise Hindi Computers?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) to (c) With the efforts put in by Deptt. of Electronics, facilities for use of Devnagri on the Computers are available. Work in Hindi on Computers is possible through Gist technique and A.L.P. package. In addition to this various software in the field of computer application, publication, Hindi spelling examinar, data base window and spread-sheets are now available in Devnagri. With the efforts of private companies operating system software of Hindi is likely to be made available for personal computers.

(d) National Informatic Science Centre is providing Gist Card/Gist Terminal in the Govt. Offices. Hindi software Operation Training facility is available for the employees of Central Govt., Public Sector Undertakings and Nationalised Banks. Propogation in this field is done by Deptt. of Official Language through publication, multi-media films and by organising symposiums and computer exhibitions.

नक्सलवादियों को जन समर्थन

768. **श्री रामगोपाल यादव** :
श्री ईश दत्त यादव :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में सक्रिय नक्सलवादी समूहों की संख्या कितनी है तथा उनमें से कितने समूहों ने प्रभावकारी जनाधार हासिल कर लिया है;

(ख) क्या वह सच है कि सरकार भय और आंतक के बल से नक्सलवादियों के बढ़ते प्रभाव को रोकने के या समाप्त करने में एकदम विवश है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण है और यदि नहीं तो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने हेतु ऐसी गतिविधियों को रोकने/समाप्त करने के लिए सरकार क्या कारगार कदम उठाने का विचार कर रही है ?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) केन्द्र सरकार के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, देश के अलग-अलग भागों में भिन्न-भिन्न कोटि के प्रभाव और अनुयायी समूदाय वाले लगभग 36 वामपंथी आतंकवादी ग्रुप गतिशील है ।

(ख) और (ग) "लोक व्यवस्था" और "पुलिस" राज्य के विषय होने के कारण इस बारे में विभिन्न उपाय निकालना और ठोस कदम उठाना संबंधित राज्य सरकार का उत्तरदायित्व हैं । केन्द्र स्तर पर, विभिन्न राज्यों के नक्सलवाद विरोधी अभीयानों के समन्वय में मदद करने और राज्यों के बीच नक्सलवादी गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए उपयोगी सूचना के आदान प्रदान को बेहतर बनाने के लिए कार्रवाई की जाती है । इसके अलावा राज्य सरकारों को पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता, बेहतर किस्त के हथियारों की पुर्ति, अर्ध-सैनिक बलों की तैनाती आदि के रुप में सहायता दी जा रही है । कुछ विशेष परिस्थितियों में प्रभावित राज्यों को पुलिस के आधुनिकीकरण और हथियारों की आपूर्ति के लिए किए गए आबंटन के अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी गयी है ।

केन्द्र सरकार ने संबंधित राज्यों से परामर्श करके इस संबंध में एक कार्य-योजना तैयार की है, जिसमें शामिल है :

(I) विशेष रुप से नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित पुलिस स्टेशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना,

(II) एक संयुक्त संचार प्रणाली बनाना,

(III) प्रत्येक राज्य में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करना,

(IV) संयुक्त रुप से गश्त लगाना;

(V) राज्यों के बीच प्रभुत्व कार्यक्रम शुरु करना;